वार्षिक प्रतिवेदन
२०१७-१८

गुजरात केन्द्रीय विश्वविद्यालय
CENTRAL UNIVERSITY OF GUJARAT

गुजरात केन्द्रीय विश्वविद्यालय
CENTRAL UNIVERSITY OF GUJARAT

www.cug.ac.in

वार्षिक प्रतिवेदन
२०१७-१८

गुजरात केन्द्रीय विश्वविद्यालय
CENTRAL UNIVERSITY OF GUJARAT

गुजरात केन्द्रीय विश्वविद्यालय
(भारत की संसद के अधिनियमसं. २५, २००९ के तहत स्थापित)

CENTRAL UNIVERSITY OF GUJARAT
(Established by an Act of Parliament, 2009)

Sector-29, Gandhinagar-382030, Gujarat, INDIA
www.cug.ac.in

कुलाधिपति की ओर से



मुझे यह बताते हुए अपार खुशी हो रही है कि हमारे विश्वविद्यालय के लिए वडोदरा के ग्रामीण इलाके में भूमि आवंटित कर दी गई है। इस दशक में स्थापित किए गए केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में हमारा यह गुजरात केंद्रीय विश्वविद्यालय कई रूपों में विशेष है। इस विश्वविद्यालय के संकाय/व्याख्याता बहुत ही अच्छे हैं, गुजरात के बाकी सभी विश्वविद्यालयों की तुलना में इस विश्वविद्यालय में सबसे बेहतरीन उपकरणों की सुविधा प्रदान की गई है और इस विश्वविद्यालय का प्रशासनिक निकाय बहुत ही सक्रिय है।

इन सभी चीजों को आगे बढ़ाने के लिए मात्र एक बेहतरीन परिसर की आवश्यकता है। हालांकि इस राज्य की राजधानी से दूर जाने के लिए कुछ ज्यादा मेहनत करने की जरूरत नहीं है। सभी चीजें इसी जगह पर आसानी से उपलब्ध हैं। इसके बावजूद, एक लंबे समय से मेरा यह अनुभव रहा है कि- जिस तरह से हमारा यह विश्वविद्यालय विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है, यह बहुत ही जल्दी न केवल अकादमिक जगत की उपलब्धियों की दिशा में आगे बढ़ रहा है बल्कि विश्वविद्यालयी जीवन की दृष्टि से जेएनयू, आईआईएम और आईआईटी जैसे संस्थानों से भी आगे निकलने की पूरी सकारात्मक संभावना बनाए रखता है। इसके अतिरिक्त हम गुजरात राज्य के वडोदरा और अहमदाबाद जैसे शहरों में अन्य दूसरे शैक्षणिक और अनुसंधान संस्थानों के साथ एक आपसी समझौते के अनुसार सम्बद्ध केन्द्रों की शुरुआत कर सकते हैं।

वर्तमान स्थितियों के अनुसार हम अपने नए परिसर के क्षेत्रीय परिदृश्य के हिसाब से एक मजबूत शैक्षणिक संस्थान बनाने तथा हरा-भरा और दूसरों के लिए सहयोगी परिसर बनाने के लिए काम कर सकते हैं।
मैं इस विश्वविद्यालय की सभी तरह की सफलताओं के लिए शुभकामना देता हूँ।

योगिंदर के. अलघ
कुलाधिपति

कुलपति की तरफ से

केन्द्रीय विश्वविद्यालय गुजरात आज अपने नौवें साल में पहुँच चुका है। इसने पहले ही अपनी शिक्षण प्रक्रिया, शोध और दूसरी महत्त्वपूर्ण गतिविधियों द्वारा अपनी पहचान बनायी है। यहाँ के छात्र और अध्यापकों को अकादमिक विकास के लिए प्रशासन का भरपूर समर्थन मिलता है। विश्वविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी जैसे ईसी, एसी और एफ़सी आदि भी विश्वविद्यालय के चहुंमुखी विकास के प्रति पूर्णतः सहयोगी बने रहते हैं। इस विश्वविद्यालय ने अपने नए अध्ययन कार्यक्रमों और संरचनात्मक उपलब्धियों द्वारा उल्लेखनीय विकास किया है।

अस्थायी परिसर की सीमाओं के बावजूद, इस विश्वविद्यालय ने यहाँ के कर्मचारियों और छात्रों को पर्याप्त सुविधाएं प्रदान करने की कोशिश की है जैसे कि- डिजिटल पुस्तकालय, ऑनलाइन इन्टरनेट सुविधा, किताबों और पत्रिकाओं की सुलभता, इसके अतिरिक्त भाषा सीखने के लिए उत्कृष्ट सॉफ्टवेयर के साथ एक उन्नत भाषा प्रयोगशाला आदी।

वडोदरा में गुजरात केंद्रीय विश्वविद्यालय को भूमि आवंटित करने के लिए गुजरात सरकार का धन्यवाद। इस सहयोग से हम अंततः यह उम्मीद कर सकते हैं कि विश्वविद्यालय का अपना परिसर होगा और मुझे यकीन है कि यह तेजी से पूरा हो जाएगा तथा जल्द से जल्द चालू भी हो जाएगा। इससे विश्वविद्यालय के बुनियादी ढांचे और जगह से संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति हो जाएगी, जिसकी कमी एक लंबे समय से महसूस हो रही थी।

विश्वविद्यालयों की स्थापना समाज के विभिन्न वर्गों के छात्रों की उच्च शैक्षणिक मांगों को पूरा करने के लिए की जाती है और इस विश्वविद्यालय (सीयूजी) में हमने जाति समुदाय, क्षेत्र, धर्म और लिंग की दूरियों को ख़त्म करते हुए प्रत्येक छात्र को बराबरी और समानता का अवसर प्रदान किया है।

यह वार्षिक प्रतिवेदन बीते पूरे एक साल की झलक प्रदान करता है।

एस. ए. बारी
कुलपति

विषय सूची

क्रम संख्या	शीर्षक	पृष्ठ सं.
	कुलाधिपति की तरफ से	
	कुलपति की तरफ से	
१.	**गुजरात केन्द्रीय विश्वविद्यालय के बारे में**	१
१.१.	विश्वविद्यालय द्वारा दी जाने वाली सुविधाएँ	६
१.२.	केंद्रीय उपकरण सुविधा(सीआईएफ)	९
२.	**महत्त्वपूर्ण बिंदु**	१३
२.१.	विश्वविद्यालय द्वारा पढाए जाने वाले पाठ्यक्रम	१५
२.२.	विश्वविद्यालय द्वारा हस्ताक्षरित एमओयूएस	१९
२.३.	प्रमुख उपलब्धियाँ और गतिविधियाँ	२४
३.	**विश्वविद्यालय प्रशासन**	२९
३.१.	कार्यकारी परिषद्	३१
३.२.	अकादमिक परिषद्	३४
३.३.	वित्त परिषद्	३८
3.4.	अकादमिक, प्राधिकरण और समन्वय विभाग	३९
३.५.	प्रवेश और मूल्यांकन	४१
3.6.	वित्त एवं लेखा	४३
३.७.	विश्वविद्यालय के प्रकोष्ठ और समितियाँ	४४
३.८.	विश्वविद्यालय में सुविधाएँ	७५
३.९.	खेलकूद गतिविधियाँ	७८
४.	**संस्थान और केंद्र**	९३
४.१.	रसायनिक विज्ञान संस्थान	९५
४.२.	पर्यावरण एवं सतत विकास संस्थान	१०४
४.३.	अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन संस्थान	११६
४.३.१	सुरक्षा अध्ययन केंद्र	११६
४.४	राष्ट्रीय सुरक्षा अध्ययन संस्थान	११७
४.४.१.	अंतर्राष्ट्रीय राजनीति अध्ययन केंद्र	१२६
४.५.	भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अध्ययन संस्थान	१३३
४.५.१.	चीनी भाषा एवं संस्कृति अध्ययन केंद्र	१३३
४.५.२.	तुलनात्मक साहित्य एवं अनुवाद अध्ययन केंद्र	१३७
४.५.३.	अंग्रेजी अध्ययन केंद्र	१४१

४.५.४.	जर्मन अध्ययन केंद्र	१४९
४.५.५.	हिंदी भाषा एवं साहित्य अध्ययन केंद्र	१५३
४.५.६	गुजराती भाषा एवं साहित्य अध्ययन केंद्र	१६५
४.५.७.	सिंधी भाषा एवं साहित्य अध्ययन केंद्र	१६५
४.६.	पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान संस्थान	१६६
४.७.	जीव विज्ञान संस्थान	१७५
४.८.	नैनो विज्ञान संस्थान	१९०
४.९.	सामाजिक विज्ञान संस्थान	२००
४.९.१	अर्थशास्त्र एवं योजना अध्ययन केंद्र	२०१
४.९.२.	सामाजिक प्रबंधन अध्ययन केंद्र	२१५
४.९.३.	समाज एवं विकास अध्ययन केंद्र	२२२
४.९.४.	विज्ञान, तकनीकी एवं अभिनव नीति अध्ययन केंद्र	२३३
४.९.५.	गांधीवादी विचार एवं शांति अध्ययन केंद्र	२४४
४.९.६.	समाजकार्य में एम.ए. कार्यक्रम	२५४
४.१०.	विशेष केंद्र	२५५
४.१०.१.	अनुप्रयुक्त रसायन अध्ययन केंद्र	२५५
४.१०.२.	प्रवासी अध्ययन केंद्र	२६३
५.	**केंद्रीय पुस्तकालय**	२७२
६.	**परिशिष्ट**	२७७
६.१.	वर्ष 2017-18 में नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा में हिस्सा लेने वाले छात्रों का विवरण	२७९
६.२.	एम.फिल.- पीएच.डी. पाठ्यक्रम हेतु सामान्य प्रवेश परीक्षा मे शामिल विद्यार्थियों का विषयवार विवरण	२८१
६.३.	विश्वविद्यालय कर्मचारियों का विवरण	२८३
६.३.१.	नियमित शिक्षण कर्मचारी	२८३
६.३.२.	नियमित शिक्षणेत्तर कर्मचारी	२८८
६.३.३.	शिक्षणेत्तर कर्मचारी(संविदा)	२८८
६.३.४.	शैक्षणिक कर्मचारी(संविदा)	२९०
६.४.	प्रदान की गयी उपाधियाँ	२९०
६.५.	उपचारात्मक कोचिंग प्रकोष्ठ में शामिल विद्यार्थियों की सूची	२९४
६.६	2017-18 के दौरान पीएच. डी. डिग्री से सम्मानित छात्रों की सूची	२९६
६.७.	वार्षिक बजटः एक दृष्टि में	२९८
७.	वार्षिक प्रतिवेदन समिति के सदस्य	३००

विश्वविद्यालय के बारे में

गुजरात केंद्रीय विश्वविद्यालय

परिचय:

गुजरात केंदीय विश्वविद्यालय की स्थापना वर्ष 2009 में संसद के अधिनियम के द्वारा की गई थी। इस विश्वविद्यालय का अधिकार क्षेत्र पूरे गुजरात राज्य में फैला हुआ है। यह विश्वविद्यालय गुजरात के और पूरे देश के युवाओं की अकादमिक, बौद्धिक और पेशेवर जरूरतों को पूरा करते हुए उच्च शिक्षा के क्षेत्र में मानव सेवाओं को प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त, यह विश्वविद्यालय आवश्यक मानव संसाधनों को उत्पन्न करने और प्रदान करने में अपनी क्षमता का योगदान करता है जिससे भारत को जीवंत ज्ञान समाज के रूप में उभरने में सहायता हो।

सिद्धान्त:

इस विश्वविद्यालय का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय के छात्रों को समाज और उद्योग अंतरफलक के माध्यम से ज्ञान व रोजगार के लिए एक वैश्विक मंच प्रदान करना है।

लक्ष्य:

विश्वविद्यालय (सीयूजी) का लक्ष्य गुणवत्ता युक्त शिक्षा तक छात्रों को पहुंच प्रदान करना और उभरते हुए नवाचारों और तकनीकी चुनौतियों, अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धाओं के स्तर पर और इसके साथ-साथ वैचारिक स्तर पर छात्रों को प्रभावी ढंग से इनमें संलग्न होने के लिए प्रोत्साहित करना व इस तरह के अवसर प्रदान करना है। इसके अतिरिक्त यह विश्वविद्यालय (सीयूजी) देश के लिए ज्ञान, धन और समृद्धि के निर्माण के साथ-साथ मानव जाति की शांति और खुशी के लिए उद्यमशीलता और शैक्षिक क्षमताओं के विकास के महत्व के बारे में भी जागरूक है।

दृष्टिकोण:

इस विश्वविद्यालय का मुख्य दृष्टिकोण सामाजिक प्रतिबद्धता के साथ उत्कृष्टता के केंद्र के रूप में आधुनिक, वैज्ञानिक व तकनीकी ज्ञान व कौशल को एक साथ जोड़ते हुए बुनियादी मानव व्यवहार एवं आचार के मूल्यों के रूप में खुद को एक मानक के रूप में स्थापित करना है। यह विश्वविद्यालय शिक्षण, अनुसंधान एवं व्यक्तिगत विकास के स्तर पर एक मानक स्थापित करेगा और मानव संसाधन के विकास के रूप में एक ज़िम्मेदारी की भावना से युक्त समाज, देश व दुनिया के बड़े पैमाने पर मानव संसाधन तैयार करेगा।

उद्देश्य:

- सीखने की विभिन्न शाखाओं में निर्देशक और अनुसंधान सुविधाएं प्रदान करके ज्ञान का प्रसार और उन्नति।
- शैक्षणिक कार्यक्रमों में मानविकी, सामाजिक विज्ञान, विज्ञान और प्रौद्योगिकी में एकीकृत पाठ्यक्रमों के लिए विशेष प्रावधान करना।
- अध्ययन-अध्यापन विधियों और अंतःविषय प्रशिक्षण और अनुसंधान में नवाचारों को बढ़ावा देने के लिए उचित उपाय करना।
- देश के विकास के लिए मानव संसाधन को शिक्षित करना और प्रशिक्षण देना।

- विज्ञान और प्रौद्योगिकी में प्रगति को बढ़ावा देने के लिए अकादमिक-उद्योग साझेदारी की स्थापना करना।
- विशेष रूप से बौद्धिक, अकादमिक और सांस्कृतिक विकास से संबंधित भारत के लोगों की सामाजिक और आर्थिक स्थितियों और कल्याण में सुधार के लिए विशेष ध्यान देना।
- बौद्धिक, अकादमिक और सांस्कृतिक विकास के माध्यम से लोगों की सामाजिक-आर्थिक स्थितियों में सुधार सुनिश्चित करना।

अकादमिक संरचना और पाठ्यक्रम के पहलू:

गुजरात केंद्रीय विश्वविद्यालय के अंतर्गत वर्तमान में कुल आठ संस्थान और दो स्वतंत्र केंद्र संचालित हो रहे हैं। इन संस्थानों के अंतर्गत कुल तेरह केंद्र शामिल हैं। ये भाषा, मानविकी, सामाजिक विज्ञान और विज्ञान के विषयों से लेकर बहुआयामी विषयों से संबन्धित हैं। वर्तमान में, विश्वविद्यालय में तीन एकीकृत मास्टर कार्यक्रम, एम. फिल. पीएच. डी. एकीकृत कार्यक्रम, और तेरह चौदह स्टैंड अलोन कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। कुछ संस्थान अपने यहाँ पीएच. डी. में सीधे प्रवेश भी देते हैं। यह विश्वविद्यालय शिक्षण, अनुसंधान और व्यापक गतिविधियों में उत्कृष्टता को बढ़ाने के लिए ठोस प्रयास कर रहा है।

अकादमिक कार्यक्रमों की पाठ्यक्रम सामग्री को हितधारकों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए एवं इनके जरूरतों को पूरा करने के लिए बहुत विस्तार से बनाया गया है। ताकि इन्हें एक विस्तारित क्षितिज प्रदान किया जा सके। प्रत्येक पाठ्यक्रम की संरचना में आईसीटी युक्त अभिनव अध्ययन और अध्यापन, प्रयोगशाला प्रयोग (जहां पर जरूरी है), प्रस्तुतियां, संगोष्ठी कक्ष, अध्यादेश, स्वाध्याय और शोध प्रबंध आदि शामिल हैं। प्रौद्यौगिकी, उद्योग और ज्ञान प्रदान करने व इसे संचालित करने के तरीकों को विकसित करने की दिशा में यह विश्वविद्यालय लगातार प्रयासरत है।

अध्ययन की बदलती प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए पाठ्यक्रमों को संशोधित किए जाने के प्रयास लगातार किए जाते रहते हैं। कोर्स सामग्री को अपडेट और अपग्रेड करने का काम संबंधित केंद्रों और संस्थाओं के अध्ययन बोर्डों द्वारा व देश भर के प्रमुख शैक्षणिक और वैज्ञानिक संस्थानों के विशिष्ट बाहरी सदस्यों के सुझावों के द्वारा किया जाता है। इस प्रयास का उद्देश्य विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तुत किए गए पाठ्यक्रमों में गुणवत्ता का विस्तार करना और छात्रों को लाभ प्रदान करना है। इस तरह का पाठ्यक्रम राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के संदर्भ में रोजगार दिलाने, सामाजिक और आर्थिक प्रासंगिकता पर जोर देने के अलावा हमारे स्नातकों को वैश्विक स्तर पर सक्षम बनाता है।

इस विश्वविद्यालय ने अपनी स्थापना के बाद चुनाव आधारित क्रेडिट प्रणाली योजना को शुरू किया है। इसे शुरू करने के बाद संस्थानों और केंद्रों में मूल अनिवार्य, मूल वैकल्पिक और आधारभूत पाठ्यक्रम के रूप में पाठ्यक्रमों में अंतर-अनुशासनात्मक और अन्तःअनुशासनात्मक विषयों के चुनाव के पर्याप्त अवसर प्रदान किए गए हैं। यह करने के साथ-साथ पाठ्यक्रमों में और अधिक वांछित अकादमिक लचीलापन भी शामिल किया गया है।

विश्वविद्यालय ने एक स्थान पर पाठ्यक्रम की संरचना व सामग्री से संबन्धित छात्रों की प्रतिक्रियाओं को पूरा करने के लिए एक औपचारिक तंत्र भी स्थापित किया है। छात्रों से प्राप्त प्रतिक्रियाओं का विश्लेषण करने व बाहरी विशेषज्ञों के अवलोकन और सुझाव द्वारा पाठ्यक्रम और अध्यापन प्रक्रिया को परिष्कृत करने एवं इसे संशोधित करने और अद्यतन करने हेतु एक ठोस आधार प्राप्त होता है।

यह विश्वविद्यालय अपनी स्थापना के दस्तावेजों में उद्धृत उद्देश्यों और दायित्वों के अनुरूप पाठ्यक्रमों को संचालित करता है। विश्वविद्यालय के आंतरिक सुरक्षा, राष्ट्रीय सुरक्षा, सामाजिक प्रबंधन, नवाचार नीति, सामाजिक इंजीनियरिंग, डायस्पोरा अध्ययन, कैंसर जीव विज्ञान, संगणकीय रसायन शास्त्र, भौतिक विज्ञान, नैनो विज्ञान, औद्योगिक रसायन शास्त्र, जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण स्थाईत्व जैसे विषयों पर शोध कार्य संचालित करवाता है। ये पाठ्यक्रम और शोध कार्य गुजरात केंद्रीय विश्वविद्यालय के लिए एक अभिनव बढ़त प्रदान करते हैं। इन नए एवं अल्पविकसित शैक्षणिक क्षेत्रों में काम करते हुए यह विश्वविद्यालय बदलती जरूरतों की कमी को दूर करने और भारतीय समाज की जरूरी प्राथमिकताओं के लिए अपने पाठ्यक्रम को लगातार अद्यतन और उन्नत करता रहता है। मानव संसाधन विकास मंत्रालय की मंजूरी के साथ इस विश्वविद्यालय ने प्रौद्योगिकी, पृथ्वी विज्ञान और दूरस्थ संवेदन, प्रबंधन, शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कृति और व्यक्तित्व विकास जैसे संस्थानों के तहत कई और पेशेवर और अनुप्रयुक्त पाठ्यक्रमों को शुरू करने का प्रस्ताव पास किया है।

अध्यापन अधिगम और मूल्यांकन:

यह विश्वविद्यालय अपने सभी अकादमिक और मूल्यांकन प्रक्रिया में पारदर्शिता का पालन करता है। यहाँ पर पढ़ाए जाने वाले सभी शैक्षणिक कार्यक्रमों के लिए व्यापक स्तर पर प्रचार की व्यवस्था भी सुनिश्चित करता है। इस विश्वविद्यालय में पढ़ाए जाने वाले सभी कार्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा अखिल भारतीय स्तर पर विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा के माध्यम से संचालित की जाती है। ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया आयोजित करने के लिए गुजरात केंद्रीय विश्वविद्यालय नए स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालयों के बीच में अपने प्रकार का ऐसा पहला विश्वविद्यालय है। इस पूरी प्रक्रिया की निगरानी केन्द्रीय प्रवेश समिति द्वारा की जाती है। जिसमें परीक्षा नियंत्रक, स्कूलों के अधिष्ठाता, विभिन्न विद्यालयों के संकाय सदस्यों और एससी, एसटी, ओबीसी, महिला और अल्पसंख्यक की श्रेणियों का प्रतिनिधित्व करने वाले वर्ग से एक एक सदस्य शामिल होते हैं। इस विश्वविद्यालय के बारे में नए विद्यार्थियों को अवगत कराने के लिए विश्वविद्यालय ने अकादमिक छमाही की शुरूआत में ही अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित करता है, इस तरह के पाठ्यक्रमों की मुख्य विशेषताओं यह होती है कि इन्हें पाठ्यक्रम के पूरा होने के बाद विद्यार्थियों द्वारा चुना जा सकता है और इनके अवसर विद्यार्थियों के लिए खुले होते हैं।

अकादमिक कैलेंडर का पालन सभी संस्थानों द्वारा किया जा रहा है।अध्यापन की प्रक्रिया को छात्र केंद्रित बनाने के लिए सभी संभव उपाय सुनिश्चित किए जाते हैं। अधिकांश अध्ययन-अध्यापन पद्धतियां आईसीटी आधारित हैं।

हर समय अध्ययन हेतु लैन कनेक्टिविटी के माध्यम ई लर्निंग के माध्यम से सभी सुविधाएं छात्रों को आसानी से उपलब्ध हो जाती है। संकाय सदस्य शिक्षार्थियों के बीच रचनात्मकता की संस्कृति को भी बढ़ावा देते हैं।

शिक्षकों को प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय शैक्षणिक कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है ताकि वे प्रतिष्ठित शिक्षाविदों के साथ बातचीत करने में सक्षम बन सकें।

विश्वविद्यालय केंद्र/संस्थान स्तर पर छमाही के अंत में विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त बाहरी मूल्यांकन पद्धति के माध्यम से छात्रों की प्रगति का मूल्यांकन करने हेतु परीक्षा की पारदर्शी और मानक प्रणाली का पालन करता है। छात्रों के मूल्यांकन के लिए यूजीसी के दिशानिर्देशों का पालन किया जाता है।

अनुसंधान और विस्तार:

शोध कार्य विश्वविद्यालय का मुख्य केंद्र बना रहा है। कई संस्थान और केंद्र अंतःअनुशासनिक दृष्टिकोण से अपने यहाँ शोध कार्यक्रम संचालित करते हैं। इस विश्वविद्यालय में उपलब्ध अनुसंधान आधारभूत संरचना शायद पश्चिमी भारत के बाकी विश्वविद्यालयों की तुलना में सबसे बेहतर व सर्वश्रेष्ठ है। सेंट्रल इंस्ट्रुमेंटेशन के रूप में जाना जाता है। इसे आधुनिक सुविधाओं से युक्त बनाया गया है। यह विश्वविद्यालय विज्ञान विषय के सीमावर्ती क्षेत्रों में अनुसंधान गतिविधियों बढ़ावा देने के वादे को पूरा करने के लिए अत्यधिक सक्रिय है। यह एक्सआरडी, एनएमआर और एमएलडीआई, टीओएफ़ जैसे वर्णलेखन, स्पेक्टरोसकोपी और माइक्रोस्कोपी युक्त उपकरणों की डबल्यूके विस्तृत श्रींखला की सुविधा यहा के छात्रों को प्रदान की गई है। उपकरणों की इस तरह की विविध उपलब्धता न केवल इसके छवि को बढ़ाती है, बल्कि शोधकर्ताओं को चुनौतीपूर्ण शोध उद्देश्यों का पता लगाने के लिए भी प्रोत्साहित करती है। सीआईएफ जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान और नैनो विज्ञान में शोध को सुविधाजनक बनाने में सहायता करता है। इसमें अनुसंधान की सुविधा के लिए भी संभावनाएं हैं जिन्हें अनुप्रयुक्त पदार्थ विज्ञान, पृथ्वी विज्ञान और रिमोट सेंसिंग तकनीकी जैसे विज्ञान की कई अन्य शाखाओं को निकट भविष्य में प्रस्तावित किया जा सकता है। रसायन विज्ञान संस्थान, जीव विज्ञान संस्थान, पर्यावरण विज्ञान और सतत विकास संस्थान और नैनो विज्ञान संस्थान ने कला प्रयोगशालाओं ने उन्नत स्तर के वैज्ञानिक अनुसंधान को निष्पादित करने के लिए परिष्कृत और अग्रिम उपकरण से युक्त एक राष्ट्रीय प्रतिष्ठित केंद्र के रूप में ख्याति प्राप्त की है।

इसके अलावा, संस्थानों और विशेष केंद्रों में उन्नत अध्ययन और अनुसंधान (सीएएसआर) की स्थापना की गई है। इस समिति में पात्र पर्यवेक्षकों के अतिरिक्त सभी संस्थानों के अधिष्ठाता या केंद्र के अध्यक्ष शामिल होते हैं। ये विश्वविद्यालय में कराए जाने वाले एम. फिल. और पीएच. डी. के शोध की योजना, निरीक्षण और मूल्यांकन आदि का काम करते हैं। एम. फिल. और पीएच. डी. से संबंधित मामलों का काम सीएएसआर द्वारा संचालित किया जाता है। जैसे कि पीएच. डी. के शोध प्रस्तावों की स्वीकृति, शोध निर्देशक की मंजूरी और शोध प्रबंध या शोध ग्रंथ के शीर्षक की पुष्टि आदि का काम।

इस विश्वविद्यालय ने अनुसंधान योजनाओं के सुचारू रूप से कार्यान्वयन की सुविधा हेतु सभी तरह ही परियोजना से संबंधित गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए एक स्वतंत्र परियोजना सेल गठित कर दिया है। इस सेल के उद्देश्य निम्नलिखित हैं:

- विभिन्न विषयों में शोध प्रस्तावना को जमा करने के प्रति प्रोत्साहित करना और इसके लिए सहयोग करना।
- जांचकर्ताओं द्वारा किए गए निर्गमन/ खरीद संबंधी प्रक्रियाओं को आसान बनाना
- शोधकर्ताओं द्वारा अनुसंधान पहल को आगे बढ़ाने के लिए विश्वविद्यालय और संस्थानों केन्द्रों के बीच / ऊपरी खर्च की साझेदारी को सुनिश्चित करना।
- अनुदान की समयानुसार वितरण को सुनिश्चित करना।
- वित्त पोषण प्राधिकरणों का समयानुसार लेखा परीक्षा और उपयोग प्रमाण पत्र जमा करने का काम देखना।
-

ज्ञान और विस्तार को साझा करने के मामले में सहायक व्याख्याताओं को विश्वविद्यालय का एक संपत्ति हिस्सा माना जाता है। इसलिए, विश्वविद्यालय राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठान के विभिन्न संस्थानों और विश्वविद्यालयों के सहायक संकाय सदस्यों को आमंत्रित करता है। ये संकाय सदस्य पीएच. डी. और एम. फिल. अनुशासनों में संयुक्त शोध पर्यवेक्षकों के रूप में सहयोग करते हैं और विश्वविद्यालय को आधार प्रदान करते हैं। विश्वविद्यालय में सहायक प्रोफेसरों की भागीदारी अंतःविषय अनुसंधान की संस्कृति को बढ़ावा देता है। इसके अलावा, छात्रों के शोध कार्यों के माध्यम से कई संस्थानों / विश्वविद्यालयों को भी सुविधा प्रदान की जाती है।

प्रसारी गतिविधियां:

उच्च शिक्षा के अतिरिक्त वे घटक जिसमें यह विश्वविद्यालय उत्कृष्टता प्राप्त करना चाहता है वो इसकी विस्तार प्रदान करने वाली गतिविधियों है। जन समुदाय तक इस परिसर को बढ़ाने व छात्रवृत्ति की सेवाओं को बढ़ाने, प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नित नवाचार करने हेतु यह विश्वविद्यालय प्रतिबद्ध है, इसके अतिरिक्त यह विश्वविद्यालय समाज के कुछ विशेष मुद्दों को भी हल करने का प्रयास करता है। हम सभी जानते हैं की विश्वविद्यालयों को सकारात्मक सामाजिक बदलाव के एक सूचक के रूप में देखा जाता है। उदाहरण के लिए, उचित दवाओं को तैयार करना, जलवायु परिवर्तन और सतत विकास आदि जैसे पाठ्यक्रमों को जहां एक तरफ लोगों के सामाजिक जीवन और भौतिक गुणों को बेहतर बनाने के एक संभावित कारक के रूप से देखा जाता है, वहीं दूसरी ओर ये पाठ्यक्रम, मानव संसाधन उत्पन्न करते हैं। जिनका उपयोग सामाजिक अभियांत्रिकी के विकसित करने के एक माध्यम के रूप में देखा जा सकता है। विश्वविद्यालयों और विश्वविद्यालयों के केंद्रों द्वारा हस्ताक्षरित कई एमओयू विश्वविद्यालय की विस्तार प्रोफ़ाइल को समृद्ध करने की क्षमता रखते हैं। विश्वविद्यालय के संगणकिय रसायन समूह (कम्प्यूटेशनल कैमिस्ट्री ग्रुप) द्वारा केटीएच के विकसित वैज्ञानिक/अनुसंधानशाला के साथ, स्टॉकहोम और अप्सला विश्वविद्यालय स्वीडन के साथ, कोलोराडो विश्वविद्यालय के साथ और भारत ग्रामीण जीवनशैली फाउंडेशन के साथ, उन्नत भारत अभियान के तहत गांव अंगीकरण कार्यक्रम के साथ और विद्यालयों का

अंगीकरण करना कार्यक्रम के साथ, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के बी. वॉक. कार्यक्रम के साथ कई प्रकार के एमओयूज पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इन पहलों को विश्वविद्यालय की प्रसारी छवि को मजबूत करने के लिए उठाए गए कुछ पहलुओं में से एक के रूप में उद्धृत किया जा सकता है। इसके अलावा विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय पाठ्यक्रम विकास परिषद (एनएसडीसी) के साथ व्यावसायिक पाठ्यक्रमों और मौजूदा पाठ्यक्रमों के व्यावसायिकीकरण के संभावित मार्गों के बारे में पता करने के लिए एक बहस की शुरुआत कर दी है। विश्वविद्यालय ने गुजरात चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के साथ गुजरात में व्यापार, वाणिज्य और व्यापार समुदायों को इंटरफेस और ब्लॉक प्लेसमेंट के अवसरों के साथ हितधारकों के रूप में शामिल करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किया है। यूनिवर्सिटी-इंडस्ट्री इंटरफेस सेल और विश्वविद्यालय द्वारा शुरू किया गया नया अनुशासन बी. वॉक. दवा निर्माण के उचित दृष्टिकोण आदि कार्यक्रमों विशेष रूप से गुजरात क्षेत्र में स्थित औद्योगिक इकाइयों और कई दवा उद्योगों के बीच पहल करने के अवसर छात्रों को प्रदान करते हैं।

विश्वविद्यालय द्वारा दी जाने वाली सुविधाएं

मूलभूत सुविधाएं एवं अध्ययन के संसाधन:

यह विश्वविद्यालय एक ट्रांसिट परिसर के रूप में एक सरकारी प्राथमिक विद्यालय के परिसर में स्थित है। हालांकि यह विश्वविद्यालय अपने छात्रों व संकाय सदस्यों को अध्ययन, अनुसंधान और अवसंरचना के स्तर पर प्रदान की जाने वाली सुविधाओं में किसी तरह की कमी नहीं करता है। जगह की कमी की स्तर पर देखा जाए तो इस विश्वविद्यालय का मानना है की ध्यान मात्रा की बजाए गुणवत्ता पर और प्रसार के बजाए तीव्रता पर होनी चाहिए। अच्छी तरह से सुसज्जित और पूर्णतः तैयार कक्षाएँ, आधुनिक किश्म की प्रयोगशालाएँ, पुस्तकों के ढेर से भरा हुआ पुस्तकालय आदि की व्यवस्था ने यह साबित कर दिया है कि अकादमी और वैज्ञानिक उद्यम की भावना के विकास में इस विश्वविद्यालय परिसर की बेहतरी को उजागर कर दिया है।

यहा की बड़ी-बड़ी कक्षाएँ गतिशील और केन्द्रित चर्चाओं के लिए सबसे अनुकूल वातावरण प्रदान करती हैं। इन कक्षाओं को व्याख्यानों और प्रस्तुतियों की दृष्टि से इन्हें विश्लेषण हेतु तैयार किया गया है। इन कक्षाओं में एलसीडी प्रोजेक्टर और ऑडियो-विज़ुअल शिक्षण उपयोगी उपकरणों से तैयार किया गया है। अंग्रेजी में बातचीत करने के लिए विशेष सत्रों का आयोजन, नेट-सेट की परीक्षाओं के लिए विशेष कोचिंग कक्षाओं का संचालन आदि किया जाता है। ये सभी तरह की सुविधाएं छात्रों में नेतृत्व की भावना, सामूहिकता की भावना और विश्लेषणात्मक कौशल के विकास के लिए आयोजित की जाती हैं।

इस विश्वविद्यालय परिसर में में 50 से 250 सीटों वाले चार सम्मेलन कक्ष स्थित हैं। ये सम्मेलन कक्ष सम्मेलनों और अन्य कार्यक्रमों के लिए उपयोग करने के लिए उपलब्ध कराए जाते हैं। इनके अतिरिक्त दो छोटे संगोष्ठी कक्ष भी हैं जो छोटे पैमाने पर अकादमिक कार्यक्रमों के लिए उपयोग में लाए जाते हैं। इन कक्षों में उन्नत प्रस्तुति उपकरण लगाए गए हैं।

इस विश्वविद्यालय में 10 से अधिक अत्याधुनिक विज्ञान प्रयोगशालाएं हैं। छात्र सैद्धान्तिक विषयों के माध्यम से जो कुछ सीखते हैं, उनका प्रयोग व्यावहारिक स्तर पर करने के लिए इन प्रयोगशालाओं में प्रयोग करने की अनुमति दी जाती है।

इस विश्वविद्यालय के सभी स्कूल / केंद्र एक बेहद सुरक्षित वर्चुअल निजी नेटवर्क के माध्यम से जुड़े हुए हैं, इसमें लगाए गए उपकरण 1 जीबीपीएस ब्रॉडबैंड कनेक्शन के माध्यम से जुड़े हुए हैं। विश्वविद्यालय के दोनों ही परिसरों में वाई फाई युक्त अत्याधुनिक कंप्यूटर नेटवर्क सुविधा प्रदान की गई है। जो पर्याप्त कंप्यूटिंग सुविधाओं को प्रदान करता है। इसमें नवीनतम कंप्यूटर, संचार और प्रिंट सेवाओं से जुड़ी नवीनतम प्रकार के कंप्यूटर लगाए गए हैं। सीयूजी पूरी तरह से वायरलेस कैंपस बन चुका है और यहाँ पर पढ़ाएँ जाने वाले कई कार्यक्रमों में छात्रों को लैपटॉप की सुविधा भी प्रदान जाती है ताकि वे इंटरनेट की सहायता से किसी भी समय कहीं पर भी अपनी पहुंच बना सकें। इन कम्प्यूटरों को कुछ नवीनतम प्रकार के सॉफ्टवेयर से जोड़ा गया है जिनमें डेटा विश्लेषण, सीएडी, सीएएम, प्रयोगशालाओं और पुस्तकालयों आदि से जुड़े काम को आसान करने के लिए लोड किया गया है। इंट्रानेट सुविधा द्वारा कैंपस के अंदर संकाय और छात्रों के बीच ऑन-लाइन बातचीत आसान हो गया है और यह सुविधा इनके सम्बन्धों को मजबूत करने में सहायक होता है।

विश्वविद्यालय में होने वाले विविध प्रकार के कार्यों (समनुदेशन) के लिए बाहर से आने आगंतुक संकाय सदस्यों व दूसरे अधिकारियों हेतु अतिथि गृह की सुविधा उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त वीआईपी अतिथि गृह की भी सुविधा है। विश्वविद्यालय ने इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु तीन बड़े-बड़े अपार्टमेंटों को किराए पर लिया है और इन्हें अच्छे से सुसज्जित करवाए हैं।

विश्वविद्यालय परिसर की सामान्य आधारभूत संरचनाएं एवं सुविधाएं:

यह विश्वविद्यालय दो परिसरों के रूप में संचालित होता है: सेक्टर 29 विश्वविद्यालय परिसर एवं सेक्टर 30 विश्वविद्यालय परिसर।

विश्वविद्यालय परिसर सेक्टर 29

विश्वविद्यालय के परिसर सेक्टर 29 में विविध प्रकार के कार्यालय और संस्थान स्थित हैं। इनके अंतर्गत शामिल हैं...

- प्रशासनिक और वित्त विभाग
- भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान का सीओई कार्यालय
- सामाजिक विज्ञान संस्थान

- अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन संस्थान
- पुस्तकालय और सूचना विज्ञान संस्थान
- शिक्षा संस्थान
- अध्ययन कक्ष और महिला कक्ष
- संकाय खंड
- अकादमिक व प्रशासनिक खंड
- संगोष्ठी कक्ष
- वर्चुअल अध्यापन स्रोत केंद्र
- भाषा प्रयोगशाला
- जलपानगृह
- व्यायामशाला
- केनरा बैंक शाखा और एटीएम

विश्वविद्यालय परिसर सेक्टर 30

विश्वविद्यालय के परिसर 30 में जो विविध प्रकार की संस्थाएं स्थित हैं: इनमें निम्नलिखित संस्थाएं स्थापित हैं

- जीव विज्ञान संस्थान
- रसायन विज्ञान संस्थान
- नैनो विज्ञान संस्थान
- पर्यावरण विज्ञान संस्थान
- केंद्रीय पुस्तकालय
- योगा क्लब
- केन्द्रीय उपकरण सुविधा (सीआईएफ़)
- अध्ययन कक्ष और महिला कक्ष
- अकादमिक खंड
- प्रयोगशाला
- संकाय खंड
- साज-सज्ञा भवन
- सम्मेलन और बहुद्देशीय कक्ष
- जलपानगृह
- खेल-कूद कक्ष
- स्वास्थ्य और परामर्श सुविधा
- ओपन एयर वाईफाई स्थल

केंद्रीय उपकरण सुविधा (सीआईएफ़)

यह विश्वविद्यालय उच्च शिक्षा प्रदान करने के क्षेत्र में एक उत्कृष्ट केंद्र के रूप में विकसित हो रहा है। यहां विज्ञान, मानविकी और सामाजिक विज्ञान में उच्च शिक्षा प्रदान की जा रही और अनुसंधान हो रहे हैं। उपकरणों की आवश्यकता विविध प्रकार के अनुशासनों में पड़ती है। इन बहू-विषयक अनुशासनों के अंतर्गत रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान, और नैनो विज्ञान आदि के अनुसंधान क्षेत्र आते हैं। इन उपकरणों को केंद्रीय उपकरण सुविधा (सीआईएफ़) के अंतर्गत स्थापित किया गया है। इस विश्वविद्यालय में इस क्षेत्र के अंतर्गत सबसे बेहतरीन उपकरणों की सुविधा है। इस क्षेत्र के दूसरे संस्थान भी इन सुविधाओं का लाभ उठाते हैं।

सीआईएफ़ में उपलब्ध उपकरण

1. पावडर एंड सिंगल क्रिस्टल एक्स रे डिफ़्फ्रेक्सन (पी एक्सआरडी / एससी एक्सआरडी)
2. लिक्विड क्रोमैटोग्राफी/मास स्पेक्ट्रोमेट्री (एलसी/एमसी-क्यूटीओएफ़)
3. इलेक्ट्रॉन स्पेक्ट्रोस्कोपी फॉर केमिकल अनालिसिस (ईएससीए)
4. 500 एमएचज फ्यूरियर ट्रान्सफ़ोर्म न्यूक्लियर मैगनेटिक रेजोनेन्स (एफ़टी एनएमआर)
5. हाई रिजोल्यूसन ट्रांसमिसन इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी (एचआर टीईएम)
6. इंडक्टिवली क्यूपल्ड प्लाजमा ऑप्टिकल एमिसन स्पेक्ट्रोमीटर (आईसीपी ओईएस)
7. एटोमिक फोर्स माइक्रोस्कोपी (एएफ़एम)
8. स्कैनिंग इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी (एसईएम)
9. स्कैनिंग इलेक्ट्रोकेमिकल माइक्रोस्कोपी (एसईसीएम)
10. इस्पेक्ट्रोस्कोपी एल्लिप्सोमीटर
11. ब्रूनौएर एम्मेत्त टेल्लर (बीईटी) सरफेस एरिया एनालायजर
12. टोटल ओर्गनीक कार्बन (टीओसी)
13. फ्लुरोसेंस एक्टिवेटेड सेल सॉर्टिंग (एफ़एसीएस)
14. रियल टाइम पीसीआर (आरटी पीसीआर)
15. मैट्रिक्स एस्सिस्टेड लेजर दिजोर्प्सन/ आयोनाइजेशन (एमएएलडीआई टीओएफ़)
16. कोंफोकल लेजर स्कैनिंग माइक्रोस्कोपी (सीएलएसएम)
17. फास्ट प्रोटीन लिक्विड क्रोमैटोग्राफी (एफ़पीएलसी)
18. फ्लुरोसेंस माइक्रोस्कोपी
19. डीएनए सीक्वेंसर
20. हाई स्पीड सेंट्रीफ्यूग
21. अल्ट्रा सेंट्रीफ्यूग
22. डायनामिक लाइट स्कैटरिंग (डीएलएस)
23. थर्मो ग्रैविमेट्रिक / डिफ्रेंसियल थर्मल एनालिसिस (टीजी/डीटीए)
24. पोरोजीमीटर

25. ओजोनोलिसिस
26. एलीमेंटल एनालाइजर (सीएचएनएस/ओ)
27. एटोमिक एब्जोरप्सन स्पेक्ट्रोफोटोमीटर (एएएस)
28. गैस क्रोमैटोग्राफी (जीसी)
29. हाई परफ़ोर्मेंस लिक्विड क्रोमैटोग्राफी (एचपीएलसी)
30. फ्यूरियर ट्रांसफॉर्म इंफ्रारेड स्पेक्ट्रोस्कोपी (एफ़टीआईआर)
31. डिफरेंटियल स्कैनिंग कैलोरीमेट्रिक (डीएससी)
32. जेल परमिसन क्रोमैटोग्राफी (जीपीसी)
33. यूवी-विजिबल स्पैक्ट्रोमीटर
34. पोलोरीमीटर
35. पोटैनटियोस्टैट
36. रेफ्राक्टोमीटर इंडेक्स (आरआई)

वाई-फाई और आईसीटी सुविधा:

यह विश्वविद्यालय वाई-फाई युक्त है। विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किए गए एक व्यक्तिगत आईडी और पासवर्ड द्वारा छात्र इसे चला सकते हैं। छात्र चौबीसों घंटे वाई-फाई की सुविधा के माध्यम से केंद्रीय पुस्तकालय और अन्य संबंधित विभागों के साथ आसान कनेक्टिविटी प्राप्त कर सकते हैं।

केंद्रीय पुस्तकालय:

केंद्रीय पुस्तकालय ईथरनेट नेटवर्क के माध्यम से पूरे परिसर भर में संचालित होता है। पुस्तकालय में एक अध्ययन केंद्र नेत्रहीन छात्रों के लिए है। यहां पर ब्रेल सॉफ्टवेयर को विशेष रूप से डाला गया है। इसके अतिरिक्त दूसरे सॉफ्टवेयर जैसे कूजवेल, सारा, जिफ़्फ़ी स्कैनर आदि भी यहां उपलब्ध हैं। वर्तमान में, इस विश्वविद्यालय द्वारा 66 पत्र पत्रिकाओं और लगभग 8903 से अधिक ई-जर्नल की सदस्यता ली हुई है। इनमें से प्रमुख पत्र पत्रिकाओं को शोधसिंधु और उच्च शिक्षा और एलेक्ट्रोनिक संसाधनों के सहायता द्वारा संचालित किया जाता है। यहां पर 32,450 किताबें और 2,800 ई बुक्स हैं। ई कंटेंट सामग्री/किताबें/पत्रिकाएं आदि एक लाख से भी अधिक मात्र में उपलब्ध हैं। किताबों की सुरक्षा हेतु और सेल्फ चेक इन और सेल्फ चेक आउट हेतु पुस्तकालय का संचालन डेस्क आरएफ़आईडी तकनीकी से सुरक्षित है। दोनों ही परिसरों की पुस्तकालयी सुविधा को बेहतर संचालन से मजबूत बनाने हेतु पुस्तकालय पोर्टल को मजबूत किया जा रहा है। केंद्रीय पुस्तकालय परिसर से बाहर होने पर पुस्तकालय के संचालन की सुविधा ई जर्नल और डाटाबेसेस से एज़प्रोक्सी सॉफ्टवेयर के माध्यम से प्रदान की जाती है।

वर्चुअल लर्निंग रिसोर्स सेंटर (वीएलआरसी)

द वर्चुअल लर्निंग रिसोर्स सेंटर एक वेब आधारित सूचना पुनर्प्राप्ती सेवा है। यह विद्युतीय सूचनाओं को उपलब्ध कराने हेतु केंद्रीय विश्वविद्यालय गुजरात पुस्तकालय वेबसाइट से संचालित होता है। यह सभी प्रकार के विद्युतीय

सूचनाओं और ई डाटाबेसेस का केंद्र है। इस इंटरफेस के माध्यम से पुस्तकालय ओपीएसी और संदर्भ सामग्री का भी उपयोग किया जा सकता है। वीएलआरसी छात्रों को इन्टरनेट उपयोग करने की सुविधा प्रदान करता है। इस सुविधा से छात्र विद्युतीय संसाधनों, ई डाटाबेसेस, शैक्षणिक वीडियो सेवाओं आदि को उपयोग में ला सकते हैं। इसमें जर्मन और चायनीज़ भाषा अध्ययन हेतु भाषा लैब भी है।

छात्रावास:

विश्वविद्यालय में छात्रावास का आबंटन, गुजरात के बाहर के छात्रों को, पुरुष व महिला दोनों ही तरह के छात्रों को पहले आओ और पहले पाओ की नीति के आधार पर किया जाता है। छात्रावास शुल्क का निर्धारण विश्वविद्यालय के मानदंडों के अनुरूप किया जाता है।

कर्मचारियों के लाभार्थ हेतु विश्वविद्यालय की बेहतरीन नीतियाँ:

- प्रवेश परीक्षा और प्रवेश प्रक्रियाओं का पूर्ण स्वचालन
- परीक्षा नियंत्रक के कार्यालय का स्वचालन
- परिणामों की समय पर घोषणा
- हर 3 साल में एक बार पाठ्यक्रम का नियमित अद्यतन
- सीबीसीएस का सभी संस्थानों में पालन
- आईसीटी युक्त अध्ययन एवं अध्यापन
- अंतर्राष्ट्रीय प्रस्तुतियों के लिए छात्रों को वित्तीय सहायता
- व्यक्तिगत व पारिवारिक चिकित्सा सुविधा और प्रतिपूर्ति
- चिकित्सकीय सुविधाओं हेतु चार महत्त्वपूर्ण अस्पतालों के साथ आपसी समझौते और भर्ती होने की स्थिति में नगदी मुक्त चिकित्सा सहायता
- एम्बुलेंस सुविधा
- व्यक्तिगत व पारिवारिक यात्रा भत्ता की छूट
- व्यायामशाला
- नई पेंशन योजना
- करियर विकास योजना
- अध्ययन अवकाश
- संकाय सदस्यों के अकादमिक भागीदारी हेतु यात्रा अनुदान
- समूह बीमा योजना

छात्र व कर्मचारी शिकायत निवारण

- छात्र कल्याण डीन कार्यालय
- एससी/एसटी संपर्क अधिकारी

- समान अवसर सेल
- आंतरिक शिकायत समिति
- विशेष आरक्षण कक्ष
- ओबीसी संपर्क अधिकारी
- छात्र परिषद कार्यालय
- शिकायत निवारण समिति

सामान्य बुनियादी ढांचा और सुविधाएं

- ऑडियो विजुअल एवं पर्याप्त सुविधाओं से सुसज्जित कक्षाएँ
- वर्चुअल कक्षाएँ
- आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित विज्ञान प्रयोगशालाएं
- केंद्रीय इंस्ट्रुमेंटेशन सुविधा
- वर्चुअल अध्ययन स्रोत केंद्र (वर्चुअल लर्निंग रिसोर्स सेंटर)
- भाषा प्रयोगशाला
- संगोष्ठी / सम्मेलन कक्ष / संकाय कक्ष
- जलपान गृह
- एटीएम एवं बैंक
- बस सेवा
- एम्बुलेंस सेवा
- लेडीज रूम और आम अध्ययन कमरे
- सुरक्षित पेयजल (आरओ प्रणाली)
- वाई-फाई कनेक्टिविटी और सीसीसी निरीक्षण/निगरानी
- विश्वविद्यालय द्वारा पायलट परियोजनाओं के लिए संकाय सदस्यों को अनुसंधान वित्त पोषण
- यात्रा अनुदान
- प्रकाशन अनुदान

महत्वपूर्ण बिन्दु

विश्वविद्यालय द्वारा पढ़ाए जाने वाले पाठ्यक्रम

संस्थान	केंद्र	पढ़ाएँ जाने वाले पाठ्यक्रम (यूजी/पीजी/अनुसंधान)	पाठ्यक्रम के शुरू किए जाने का वर्ष
समाज विज्ञान संस्थान	विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अभिनव नीति अध्ययन केंद्र	विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अभिनव नीति में अध्ययन में एम. फिल.	2018-19
		विज्ञान, समाज और विकास में एकीकृत एम. फिल. और पीएच.डी. (प्रतिवेदन वर्ष 2014-15 में नाम बदल दिया गया विज्ञान, तकनीकी और अभिनव नीतियाँ की जगह पर)	2009-10 और 2014-15
	समाज और विकास अध्ययन केंद्र	समाज व विकास में एकीकृत एम. फिल. और पीएच.डी.	2011-12
		समाजशास्त्र में एम. ए.	2015-16
		समाज कार्य में एम. ए.	2017-18
	अर्थव्यवस्था और योजना अध्ययन केंद्र	अर्थशास्त्र में एम. ए.	2015-16
		अर्थशास्त्र में एकीकृत एम. फिल. और पीएच.डी.	2010-11
	सामाजिक प्रबंधन अध्ययन केंद्र	सामाजिक प्रबंधन में एम. ए.	2017-18
		सामाजिक प्रबंधन में एम. ए. (5 वर्षीय एकीकृत कार्यक्रम)	2010-11
		सामाजिक प्रबंधन में पीएच.डी.	2017-18
	गांधीवादी विचार एवं शांति अध्ययन केंद्र	गांधीवादी विचार एवं शांति अध्ययन में एकीकृत एम. फिल. और पीएच.डी.	2011-12
		राजनीति विज्ञान में एम. ए.	2017-18
भाषा, साहित्य एवं	अँग्रेजी अध्ययन केंद्र	अँग्रेजी में एम. ए.	2010-11
		तुलनात्मक साहित्य में एम. फिल.	2018-19

संस्कृति अध्ययन संस्थान	तुलनात्मक साहित्य और अनुवाद अध्ययन केंद्र	तुलनात्मक साहित्य में एकीकृत एम. फिल. और पीएच.डी.	2009-10
		तुलनात्मक साहित्य में पीएच.डी.	2018-19
	हिन्दी अध्ययन केंद्र	हिन्दी में एम. ए.	2015-16
		हिन्दी में एम. फिल.	2018-19
		हिन्दी भाषा एवं साहित्य में एकीकृत एम. फिल. और पीएच.डी.	2011-12
	गुजराती भाषा एवं साहित्य केंद्र	गुजराती में एम. ए.	2012-13
		गुजराती में एकीकृत एम. फिल. और पीएच.डी.	2018-19
	चीनी भाषा अध्ययन केंद्र	चायनीज़ में एम. ए.	2011-12
		चायनीज़ भाषा व संस्कृति में एम. ए. (5वर्षीय एकीकृत कार्यक्रम)	2012-13
		चायनीज़ में बी. ए.	2017-18
	जर्मन अध्ययन केंद्र	जर्मन में एम. ए.	2011-12
		जर्मन अध्ययन में एम. ए. (5 वर्षीय एकीकृत कार्यक्रम)	2012-13
		जर्मन में बी. ए.	2017-18
अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन संस्थान	अंतर्राष्ट्रीय राजनीति केंद्र	राजनीति एवं अंतर्राष्ट्रीय संबंध में एम. ए.	2012-13
		अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में एम. फिल.	2018-19
		अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में एकीकृत एम. फिल. और पीएच.डी.	2012-13
		अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में पीएच. डी.	2018-19
	सुरक्षा अध्ययन केंद्र	सुरक्षा अध्ययन में एम. फिल.	2018-19

राष्ट्रीय सुरक्षा अध्ययन संस्थान		आंतरिक सुरक्षा में एकीकृत एम. फिल. और पीएच.डी. (प्रतिवेदन वर्ष 2012-13 में नाम बदल दिया गया सुरक्षा अध्ययन में एकीकृत एम. फिल. और पीएच.डी. की जगह पर)	2009-10, 2012-13
		सुरक्षा अध्ययन में पीएच. डी.	2018-19
	रणनीति प्रौद्यौगिकी अध्ययन केंद्र(साइबर/ स्पेस सुरक्षा)	शीघ्र घोषित होगा	
	समुद्री सुरक्षा अध्ययन केंद्र	शीघ्र घोषित होगा	
पुस्तकालय और सूचना अध्ययन संस्थान		स्नातकोत्तर डिप्लोमा- डिजिटल पुस्तकालय एवं सूचना प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पीजीडीएलआईएम)	2017-18
		एमएलआई विज्ञान (पुस्तकालय और सूचना विज्ञान में एम. ए.)	2012-13
		पुस्तकालय और सूचना विज्ञान में पीएच. डी.	2017-18
डायस्पोरा अध्ययन केंद्र		स्थानांतरण/प्रव्रजन और डायस्पोरा अध्ययन में एम. ए.	2017-18
		डायस्पोरा अध्ययम ने एम.फिल.	2018-19
		डायस्पोरा अध्ययन में एकीकृत एम. फिल. और पीएच.डी.	2011-12
पर्यावरण सतत विकास संस्थान		पर्यावरण विज्ञान में एम. एससी.	2015-16
		पार्यवारण एवं सतत विकास में एकीकृत एम. फिल. और पीएच.डी.	2011-12

	पर्यावरण एवं सतत विकास में पीएच. डी.	2018-19
	जलवायु परिवर्तन और सतत विकास में एम. एससी.	2017-18
जीव विज्ञान संस्थान	जीव विज्ञान में एम. एससी.	2012-13
	जीव विज्ञान में एकीकृत एम. फिल. और पीएच.डी.	2010-11
	जीव विज्ञान में पीएच. डी.	2018-19
रसायन विज्ञान संस्थान	रसायन विज्ञान में एम. एससी.	2012-13
	रसायन विज्ञान में एम. फिल.	2018-19
	रसायन विज्ञान में एकीकृत एम. फिल. और पीएच. डी.	2010-11
	रसायन विज्ञान में पीएच. डी.	2018-19
अनुप्रयुक्त रसायन केन्द्र	औद्योगिकी रसायन में एम. एससी.	2011-12
नैनो विज्ञान संस्थान	नैनो तकनीकी में एम. एससी.	2016-17
	नैनो विज्ञान में एकीकृत एम. फिल. और पीएच. डी.	2012-13
	नैनो विज्ञान में पीएच. डी.	2017-18
शिक्षा संस्थान	शिक्षा में एम. फिल.	2018-19
	शिक्षा में पीएच. डी.	2018-19
बी. वोक.	दृष्टिबाधितों के लिए विश्लेषणात्मक तकनीक में छह महीने का सर्टिफिकेट कोर्स (CCATVC)	2011-12
	बी. वोक. (बैचलर ऑफ वोकेशन कोर्स ऑन रेशनल अप्रोच टू ड्रग डिजाइन)	2017-18

विश्वविद्यालय द्वारा हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन (MOU)

क्रम संख्या	विश्वविद्यालय और संस्थानों के बीच में	दिनांक	अवधि
1	टीआरआई-पार्टिट एमओयू केन्द्रीय गुजरात विश्वविद्यालय, एमएचआरडी और यूजीसी 2018-19	28/06/2018	2018-19 और 2017-18
2	केन्द्रीय गुजरात विश्वविद्यालय और आईआईटी नई दिल्ली, उन्नत भारत अभियान	28/02/2018	अनिर्धारित अवधि
3	केन्द्रीय विश्वविद्यालय गुजरात और जॉर्जिया विश्वविद्यालय रीजेंट्स बोर्ड प्रणाली, जॉर्जिया विश्वविद्यालय, एथेंस, यूएसए	01/09/2016	5 वर्ष
4	केन्द्रीय विश्वविद्यालय गुजरात और जीनान विश्वविद्यालय बीजिंग विदेशी अध्ययन विश्वविद्यालय, चीन	26/05/2016	5 वर्ष
5	केन्द्रीय विश्वविद्यालय गुजरात और भारत ग्रामीण आजीविका संस्थान (बीआरएलएफ़)	24/06/2015	3 वर्ष
6	केन्द्रीय विश्वविद्यालय गुजरात और तस्मानिया विश्वविद्यालय कला संकाय	22/02/2016	5 वर्ष
7	केन्द्रीय विश्वविद्यालय गुजरात और कंडेंस्ड मैटर थ्योरी समूह (सीएमटी), मटेरियल्स सिद्धांत अनुभाग, उप्पसला विश्वविद्यालय, उप्पसला, स्वीडेन	01/06/2015	5 वर्ष
8	केन्द्रीय विश्वविद्यालय गुजरात और सैद्धांतिक रसायन विज्ञान और जीवविज्ञान विभाग, केटीएच रॉयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (केटीएच), स्टॉकहोम, स्वीडन	01/06/2015	5 वर्ष
9	केन्द्रीय विश्वविद्यालय गुजरात और कोलोराडो विश्वविद्यालय, डेनवर	01/12/2014	3 वर्ष

		30/09/2014 और 09/08/2014	
10	केन्द्रीय विश्वविद्यालय गुजरात और फ़्लॉरिडा विश्वविद्यालय	01/09/2016	5 वर्ष

पाठ्यक्रमानुसार 2017-18 के दौरान प्रवेश



विश्वविद्यालय में छात्रों का वर्गानुसार वितरण



छात्रों का लैंगिक वितरण



वर्गानुसार प्रवेश



विश्वविद्यालय में संकाय सदस्यों द्वारा अनुसंधान कार्य



पाठ्यचर्या गतिविधियों में छात्रों की भागीदारी



प्रमुख उपलब्धियां और गतिविधियां

विश्वविद्यालय में अकादमिक कार्यक्रम:

- "युवा विद्वानों के लिए सामरिक मुद्दे" पर एक कार्यशाला केन्द्रीय विश्वविद्यालय गुजरात के सुरक्षा अध्ययन केंद्र, अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन संस्थान और कार्नेगी एंडोमेंट ऑफ इन्टरनेशनल पीस, वासिंगटन डीसी के संयुक्त तत्वाधान में, 6-10 नवंबर, 2018 को आयोजित की गई थी।
- "युवा विद्वानों के लिए सामरिक मुद्दे" पर एक कार्यशाला केन्द्रीय विश्वविद्यालय गुजरात के सुरक्षा अध्ययन केंद्र, अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन संस्थान और कार्नेगी एंडोमेंट ऑफ इन्टरनेशनल पीस, वासिंगटन डीसी के संयुक्त तत्वाधान में, 6-10 नवंबर, 2017 को आयोजित की गई थी।
- हिन्दी अध्ययन केंद्र, भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अध्ययन संस्थान, द्वारा दिनांक 17-18 नवंबर 2017 को "भारतीया साहित्य और हिंदी सिनेमा का अंर्तमंबंध" विषय पर एक दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठीका आयोजन किया गया था।
- दक्षिण एशिया में महिलाएं और सांप्रदायिक हिंसाः कल्पना और वास्तविकता· विषय पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनः 9-10 नवंबर 2017 को आयोजित किया गया था।
- पुस्तकालय और सूचना विज्ञान संस्थान द्वारा 25-27 अक्टूबर 2017 के दौरान ग्लोबल ओपन एक्सेस सप्ताह समारोह के साथ ओपन एक्सेस की ओर जागरूकता बढ़ाने का अभियान चलाया गया था ।
- समाज एवं विकास अध्ययन केंद्र, सामाजिक विज्ञान संस्थान द्वारा 30 अक्टूबर -31, 2017 को " रिथिंकिंग जेंडर एंड बॉडी इन टाइम्स ऑफ हेल्थ सेक्टर रीफ़ोर्म्स इन इंडिया" विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित किया था।
- विज्ञान, तकनीकी और अभिनव नीतियाँ अध्ययन केंद्र, सामाजिक विज्ञान संस्थान द्वारा "सैंटोमेट्रिक्स" विश्लेषण पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन दिनांक 27 मार्च से 28 मार्च 2018 के बीच किया था।
- गांधीवादी विचार एवं शांति अध्ययन केंद्र, सामाजिक विज्ञान संस्थान द्वारा 20 दिवसीय 2017 को "सत्यग्राह सैकड़ों वर्ष चंपारण सत्याग्रह" पर एक दिवसीय संगोष्ठी आयोजित किया।
- पुस्तकालय और सूचना विज्ञान संस्थान द्वारा 25-27 अक्टूबर 2017 से ग्लोबल ओपन एक्सेस सप्ताह समारोह के साथ ओपन एक्सेस की ओर जागरूकता बढ़ाने का अभियान चलाया गया।
- केन्द्रीय पुस्तकालय द्वारा भारतीय विश्वविद्यालयों के संयुक्त प्रायोजन में 19-21 दिसंबर, 2017 को "विश्वविद्यालय प्रबंधन में सूचना प्रौद्योगिकी में उभरते रुझान" विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया।
- केन्द्रीय विश्वविद्यालय गुजरात, गांधीनगर द्वारा 'एल्सेवियर लेखक कार्यशाला· का आयोजन 8 अगस्त, 2017 को किया गया और एलसेवियर से एक विशेष अतिथि को आमंत्रित किया गया था।

- केन्द्रीय विश्वविद्यालय गुजरात द्वारा 2 नवंबर, 2017 को केन्द्रीय पुस्तकालय के पुस्तकालय ब्लॉग के माध्यम से मुफ्त ई-पुस्तकों तक पहुंच बनाने के लिए एक जागरूकता अभियान आयोजित किया गया था।
- "जे ' गेट- डिस्कवरींग स्कोलर्ली जर्नल आर्टिकल्स" विषय पर एक कार्यक्रम 6 मार्च, 2018 को सेमिनार हॉल, सीयूजी सेक्टर 29 परिसर, गांधीनगर के संगोष्ठी कक्ष में आयोजित किया गया था।
- गंदीवादी विचार और शांति अध्ययन केंद्र, सामाजिक विज्ञान संस्थान द्वारा ¤राजपिप्ला सोशल सर्विस सोसाइटी (आरएसएसएस) की स्थापना की।
- डायस्पोरा अध्ययन केंद्र द्वारा 21-23 फरवरी, 2018 को वैश्वीकरण के युग में "अंतर्राष्ट्रीयता, संस्कृति और डायस्पोरा" विषय पर एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया।

संकाय सदस्यों की उपलब्धियां:

* कुमार नरेश, डायस्पोरा अध्ययन केंद्र, 29 अक्टूबर से 4 नवंबर तक आईयूएसएसपी ट्रवेल ग्रांट द्वारा सम्मानित। केप टाउन, दक्षिणी अफ्रीका।
* कौर इस्मीत, अँग्रेजी अध्ययन केंद्र, भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संस्थान, आईआईएएस शिमला द्वारा एसियन (एएसईएएन) एसोसिएट के रूप में नामित।
* अग्रवाल, सरिता, अर्थशास्त्र और योजना अध्ययन केंद्र, सामाजिक विज्ञान संस्थान, क्वीन मार्गरेट विश्वविद्यालय, एडिबर्गा द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की वैज्ञानिक परिषद की सदस्या के रूप में नियुक्त।
* त्रिपाठी, तूलिका, अर्थशास्त्र और योजना अध्ययन केंद्र, सामाजिक विज्ञान संस्थान, यूजीसी रमन पोस्ट-डॉक्टरल छात्रवृत्ति 2016-17 द्वारा सम्मानित।

छात्रों की उपलब्धियां:

* मोहम्मद अथर, रासायनिक विज्ञान संस्थान डीएसटी-इन्सपाइर एसआरएफ़ छात्रवृत्ति द्वारा सम्मानित विज्ञान और तकनीकी डीएसटी मंत्रालय, भारत द्वारा।
* मोहम्मद अथर, रासायनिक विज्ञान संस्थान, डीएसटी-एसईआरबी ट्रवेल ग्रांट द्वारा चयनित, "अटलांटिक बेसिन कोन्फरेंस ऑन केमिस्ट्री" विषय पर प्रवक्ता के रूप में आमंत्रित, 23-26 जनवरी 2018, कंकुन, मेक्सिको।
* गोपाल अवस्थी, रासायनिक विज्ञान संस्थान, बायोमटेरियल्स एंड टिस्स्यु इंजीनियरिंग· विषय पर आयोजित सिंपोजियम में सर्वोत्तम पोस्टर प्रस्तुति के रूप में सम्मानित। "एडवांसेस इन मटीरियल्स एंड प्रोसेसिंगः चैलेंजेज्स एंड ओप्पट्युनिटीज़" (एएमपीसीओ 2017) 30 नवंबर से 2 दिसंबर, भारतीय

प्रौद्यौगिकी संस्थान, रुर्की, भारत द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन इंवेस्टिगेशन ऑफ केमिकल्ली फंक्शनलाइज्ड ग्राफेन ऑक्साइड टूवड्र्स बायोमेडिकल एप्लिकेशंस विषय पर पोस्टर प्रस्तुति।

* गोपाल अवस्थी, रासायनिक विज्ञान संस्थान, "एसिया ओसियानिया सोनोकेमिकल सोसायटी" द्वारा एसिया ओसियानिया सोनोकेमिकल सोसायटी अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (एओएसएस-3) विषय पर एसआरएम अनुसंधान संस्थान, एसआरएम विश्वविद्यालय, चेन्नई, तमिलनाडु, भारत द्वारा 14-17 सितंबर 2017 के बीच आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन "अल्ट्रासाउंड एस्सिटेड डाइरेक्ट कोवालेंट फंक्सनलाइज्ड ऑफ ग्राफेने ऑक्साइड" विषय पर सर्वोत्तम पोस्टर प्रस्तुति सम्मान द्वारा नामित।

* कोंथला, रवि शंकर, नैनो विज्ञान संस्थान, "इन्टरनेशनल कोन्फरेंस फ्रोंटियर्स इन नैनो बायोटेक्नोलोजी 2017 (आईसीएफ़एनबी 17)" विषय पर तमिलनाडु में 8-9 सितंबर को आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में मौखिकी प्रस्तुति में प्रथम पुरस्कार द्वारा सम्मानित।

* लक्ष्मी, के., गांधीवादी विचारधारा और शांति अध्ययन केंद्र, सामाजिक विज्ञान संस्थान, स्टेटलेसनेस नेटवर्क एसिया पैसिफिक (एसएनएपी) फेल्लो, मलेसिया 2018-19 द्वारा सम्मानित।

* डि·सिल्वा, रसेल, सामाजिक प्रबंधन अध्ययन केंद्र, सामाजिक विज्ञान संस्थान, एसियान स्नातक छात्रवृत्ति 2018, एसियान अनुसंधान संस्थान, सिंगापूर राष्ट्रीय विश्वविद्यालय द्वारा (छः साप्ताहिक निवास छात्रवृत्ति) सम्मान द्वारा सम्मानित।

* अंटो, जसमी सी, सामाजिक प्रबंधन अध्ययन केंद्र, सामाजिक विज्ञान संस्थान, नेशनल काउंसिल ऑफ रुरल इंस्टीट्यूट, हैदराबाद द्वारा 27 अप्रैल, 2018 को एनसीआरआई पीएच. डी. शोध छात्रवृत्ति द्वारा सम्मानित।

* बेनीवाल, रजनी, सामाजिक प्रबंधन अध्ययन केंद्र, सामाजिक विज्ञान संस्थान, वर्ष 2017-18 के (सांस्कृतिक आयोजन) अर्थात (सभी सांस्कृतिक कार्यक्रमों को शामिल करते हुए) प्रमुख रचनात्मक व्यक्ति के रूप में सम्मानित।

* कुमार, गोपाल, चीनी भाषा अध्ययन केंद्र, भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अध्ययन संस्थान, एमएचआरडी, भारत सरकार और चायना छात्रवृत्ति परिषद (सीएससी), चायना सरकार द्वारा (4 वर्ष) एम. ए. के अध्ययन कार्य हेतु (विदेशी भाषा के रूप में चायनीज़ का अध्ययन) चीन में, 08 अगस्त, 2017 में सम्मानित।

* प्रियांक, प्रियतोष, चीनी भाषा अध्ययन केंद्र, भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अध्ययन संस्थान, को एमएचआरडी, भारत सरकार और चाइना छात्रवृत्ति परिषद (सीएससी), चाइना सरकार द्वारा 08 अगस्त, 2017 को एक-वर्षीय अग्रिम अध्ययन (एडवांस स्टडीज़) हेतु पूर्ण छात्रवृत्ति सम्मान।

* कुमारी, रोनक, चीनी भाषा अध्ययन केंद्र, भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अध्ययन संस्थान, को एमएचआरडी, भारत सरकार और चाइना छात्रवृत्ति परिषद (सीएससी), चाइना सरकार द्वारा 08 अगस्त, 2017 को एक-वर्षीय अग्रिम अध्ययन (एडवांस स्टडीज़) हेतु पूर्ण छात्रवृत्ति सम्मान।
* कुमार, आशीष, चीनी भाषा अध्ययन केंद्र, भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अध्ययन संस्थान, को एमएचआरडी, भारत सरकार और चाइना छात्रवृत्ति परिषद (सीएससी), चाइना सरकार द्वारा 08 अगस्त, 2017 को एक-वर्षीय अग्रिम अध्ययन (एडवांस स्टडीज़) हेतु पूर्ण छात्रवृत्ति सम्मान।
* कुमार, राजीव, चीनी भाषा अध्ययन केंद्र, भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अध्ययन संस्थान, चाइना छात्रवृत्ति परिषद (सीएससी), चाइना सरकार द्वारा अगस्त, 2017 में, 4वर्ष हेतु, पीएच. डी. शोध पूर्ण छात्रवृत्ति सम्मान।
* मिश्रा, ज्ञानेन्दु, चीनी भाषा अध्ययन केंद्र, भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अध्ययन संस्थान, 200-सदस्यीय भारतीय युवा सम्मेलन 2017 चाइना हेतु, युवा अफेयर्स मंत्रालय, भारत सरकार, द्वारा सम्मानित। इन्हें 25मई 2017 को स्पष्टीकरण प्राप्त हुआ और ये 7-17 जून 2017, के दौरान चाइना दौरे पर रहे।
* कुमार, राजीव, चीनी भाषा अध्ययन केंद्र, भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अध्ययन संस्थान, 200-सदस्यीय भारतीय युवा सम्मेलन 2017 चाइना हेतु, युवा अफेयर्स मंत्रालय, भारत सरकार, द्वारा सम्मानित। इन्हें 15 मई 2017 को स्पष्टीकरण प्राप्त हुआ और ये 7-17 जून 2017, के दौरान चाइना दौरे पर रहे।
* कुमारी रोनक, चीनी भाषा अध्ययन केंद्र, भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अध्ययन संस्थान, 200-सदस्यीय भारतीय युवा सम्मेलन 2017 चाइना हेतु, युवा अफेयर्स मंत्रालय, भारत सरकार, द्वारा सम्मानित। इन्हें 15 मई 2017 को स्पष्टीकरण प्राप्त हुआ और ये 7-17 जून 2017, के दौरान चाइना दौरे पर रहीं।
* दीप्ति, चीनी भाषा अध्ययन केंद्र, भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अध्ययन संस्थान, 200-सदस्यीय भारतीय युवा सम्मेलन 2017 चाइना हेतु, युवा अफेयर्स मंत्रालय, भारत सरकार, द्वारा सम्मानित। इन्हें 15 मई 2017 को स्पष्टीकरण प्राप्त हुआ और ये 7-17 जून 2017, के दौरान चाइना दौरे पर रहीं।

गुजरात केन्द्रीय विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि मण्डल द्वारा चीन भ्रमण

पीआरसी के बीजिंग विदेशी अध्ययन विश्वविद्यालय (बीएफ़एसयू) के निमंत्रण पर केन्द्रीय विश्वविद्यालय गुजरात (सीयूजी) के एक प्रतिनिधि मण्डल का जिसमें प्रोफेसर आलोक कुमार गुप्ता, अधिष्ठाता, भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अध्ययन संस्थान से, श्रीमान प्रभात कौशिक, सहायक व्याख्याता और संचालक, चीनी भाषा अध्ययन एवं शोध केंद्र से, का चुनाव माननीय कुलपति महोदय द्वारा एवं विदेशी अध्ययन विश्वविद्यालयों के वैश्विक संगठन और बीजिंग, पीआरसी द्वारा 18 से 20 मई 2017 के बीच में आयोजित क्षेत्रीय अध्ययन एवं वैश्विक संचालन परिषद द्वारा चुनाव किया गया था।

बीएफ़एसयू के हिन्दी विभाग के व्याख्याता ली के साथ व्याख्याता गुप्ता

जीएएफ़एसयूसीयूजी के आयोजन बैठक के दौरान

मा टीएशि को *चक्र* प्रस्तुत करते हुए सीयूजी के प्रतिनिधि

बीएलसीयू में मा टीएशि के साथ सीयूजी के प्रतिनिधि

विश्वविद्यालय प्रशासन

विश्वविद्यालय प्रशासन

केंद्रीय विश्वविद्यालय गुजरात के वैधानिक निकाय

कार्यकारी परिषद:

i.	कुलपति	**प्रोफेसर एस. ए. बारी** माननीय कुलपति (अध्यक्ष, पूर्व अधिकारी)
ii.	उप-कुलपति	रिक्त
iii.	केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति या एमिनेन्स के एक सेवारत विश्वविद्यालय के प्रोफेसर, उपराष्ट्रपति की सिफारिश पर कार्यकारी परिषद द्वारा मनोनीत,	**डॉ. जी. गोपा कुमार**, कुलपति, केरल केंद्रीय विश्वविद्यालय
iv.	डीन, छात्र कल्याण	**प्रोफेसर संजय कुमार झा**, डीएसडबल्यू, सीयूजी.
v.	पाँच संस्थानों के डीन; जिसमें तीन से अधिक लोग नहीं हो सकते, ये वरिष्ठता क्रम के अनुसार, घूर्णन (रोटेसन) क्रम द्वारा निम्न समूहों में से निर्दिष्ट होंगे; समूह-I सामाजिक विज्ञान, प्रबंधन और मानविकी संकाय समूह-II विज्ञान, प्रौद्योगिकी और स्वास्थ्य विज्ञान संकाय	समूह-I (1) **प्रोफेसर संजय कुमार झा**, अधिष्ठाता, (एसआईएस), (शेष अवधि के लिए) (2) **प्रोफेसर इन्दिरा दत्ता**, अधिष्ठाता, (एसएसएस) समूह-II (1) **प्रोफेसर जे. पी. एन. मिश्रा**, अधिष्ठाता, (एसएलएस) (2) **प्रोफेसर टी. बागची**, अधिष्ठाता, (एसएनएस) (3) **प्रोफेसर के. मुथइया**, पूर्व-अधिष्ठाता, (एसएलआईएस)
vi.	एक प्रोफेसर, जो डीन नहीं है, वरिष्ठता के अनुसार रोटेशन द्वारा, कुलपति द्वारा मनोनीत	**प्रोफेसर संजीव कुमार दुबे**
vii.	एक एसोसिएट प्रोफेसर, वरिष्ठता के अनुसार रोटेशन द्वारा, कुलपति द्वारा मनोनीत	स्पष्टता की दृष्टि से स्थगित रखा गया है।
viii.	एक सहायक प्रोफेसर, वरिष्ठता के अनुसार रोटेशन द्वारा, कुलपति द्वारा मनोनीत	**डॉक्टर विनय कुमार डोंतुला**, सीजीएस, एसएलएल एंड सीएस

ix.	गठन के समय, निर्वाचित सदस्यों में से चुने गए न्यायालय के दो सदस्य, इनमें से कोई भी विश्वविद्यालय का कर्मचारी या छात्र न हो और ना ही विश्वविद्यालय द्वारा मान्यता प्राप्त या संबद्ध किसी भी संस्थान से जुड़ा हुआ हो।	सीयूजी का दूसरा न्यायालय संविधान के अधीन है।
x.	अलग-अलग अकादमिक जगत के चार व्यक्ति, अतिथि (विजिटर्स) सदस्यों द्वारा मनोनीत	(1) **डॉक्टर सी. एन. पटेल**, अधिष्ठाता, औषधि (फार्मसी) संकाय, गुजरात तकनीकी विश्वविद्यालय, अहमदाबाद। (2) **डॉक्टर शेखर चन्दात्रे**, प्रहलाद्रि डालमिया लायन्स कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड इकोनॉमिक्स, मलाड, मुंबई। (3) **प्रोफेसर अतुल जौहरी**, जीव विज्ञान संस्थान, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली। (4) **डॉक्टर पंकज अरोडा**, शिक्षा संकाय, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली।
xi.	विभिन्न श्रेणियों के एक-एक सदस्य, अर्थात् अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, महिलाएं और शारीरिक रूप से अक्षम श्रेणी से, जो विश्वविद्यालय या अन्य केंद्रीय / राज्य विश्वविद्यालयों के शिक्षकों के सदस्यों के रूप में कुलपति द्वारा मनोनीत।	(1) **प्रोफेसर बी. ए. चोपड़े**, कुलपति, डॉक्टर बाबा साहेब अंबेडकर मराठवाडा विश्वविद्यालय, औरंगाबाद। (2) **प्रोफेसर टी. वी. कट्टीमनी**, कुलपति, इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय आदिवासी विश्वविद्यालय, अमरकंटक, मध्य-प्रदेश। (3) **प्रोफेसर वाई. नरसिंहुलु**, निदेशक, यूजीसी- एचआरडीसी, हैदराबाद विश्वविद्यालय, हैदराबाद।

		(4) **प्रोफेसर ए. एम. पठान**, पूर्व कुलपति, के. यू. धारवाड़; एमएएनएनयू, हैदराबाद और सीयूके गुलबर्गा। (5) **प्रोफेसर अमिता सिंह**, सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ लॉ एंड गवर्नेंस, जेएनयू,नई दिल्ली। (6) **प्रोफेसर एम. के. श्रीधर**, सीबीएसएम, बंगलौर विश्वविद्यालय, बंगलौर।
xii.	कुलसचिव	**प्रोफेसर आलोक कुमार गुप्ता**, (एसएसीएचआईडबल्यू, एक्स ओफसीओ)

अकादमिक परिषद:

I.	कुलपति	**प्रोफेसर एस. ए. बारी** माननीय कुलपति (अध्यक्ष, पूर्व अधिकारी)
II.	उप-कुलपति	रिक्त
III.	केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति या विश्वविद्यालय के एमिनेन्स में सेवारत प्रोफेसर, कुलपति की सिफारिश पर कार्यकारी परिषद द्वारा मनोनीत,	**प्रोफेसर संतोष पंडा**, प्रोफेसर, दूरस्थ शिक्षा, स्टाफ प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू), नई दिल्ली
IV.	अध्ययन संस्थानों के अधिष्ठाता (डीन)	1. **प्रोफेसर मान सिंह**, अधिष्ठाता, रासायनिक विज्ञान संस्थान 2. **प्रोफेसर एम. एच. फुलेकर**, अधिष्ठाता, पर्यावरण एवं सतत विकास संस्थान 3. **प्रोफेसर इन्दिरा दत्ता**, अधिष्ठाता सामाजिक विज्ञान संस्थान 4. **प्रोफेसर जे. पी. एन. मिश्रा**, अधिष्ठाता, जीव विज्ञान संस्थान 5. **प्रोफेसर टी. बागची**, अधिष्ठाता, नैनो विज्ञान संस्थान 6. **प्रोफेसर संजय कुमार झा**, अधिष्ठाता, अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन संस्थान 7. **प्रोफेसर एच. बी. पटेल**, अधिष्ठाता, एसओसी 8. **प्रोफेसर के. मुतैय्या**, अधिष्ठाता, पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान संस्थान (भरा जाए)
V.	अध्ययन केन्द्रों के अध्यक्ष	1. **प्रोफेसर आलोक कुमार गुप्ता**, सीएचएलएल 2. **प्रोफेसर बालाजी रंगनाथन**, सीसीएल और टीएस 3. **प्रोफेसर अतनु भटाचार्य**, सीईएस 4. **प्रोफेसर सरिता अग्रवाल**, सीएसआरईपी

		5. **डॉक्टर अतानु मोहपात्रा**, सीएसआरडी 6. **डॉक्टर प्रकाश सी. झा**, सीएसआरएसी 7. **प्रोफेसर मनीष**, सीआईपी और जी 8. **डॉक्टर अरुण विश्वनाथन**, सीएसएस 9. **प्रोफेसर एच. बी. पटेल**, एसओसी
